डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | ज्येष्ठ शुक्ल पक्षा-10-2083 | भोपाल, दिन बुधवार, दिनांक 24 जून, 2026

न्यूज गैलरी

चलती कार पर वीडियो बनाने वाले इन्फ्लूएंसर पर केस

भोपाल |अटल पथ पर चलती कार की छत पर बैठी युवती का वीडियो वायरल होने के बाद टीटी नगर पुलिस ने सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर अमित मंडेल के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच में पता चला कि वीडियो चार महीने पहले बनाया गया था। अमित के इंस्टाग्राम पर छह लाख फॉलोअर्स हैं। पुलिस ने कार नंबर के आधार पर उसकी पहचान की और बीएनएस की धारा 281 तथा मोटर वीकल एक्ट की धारा 184 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

बार काउंसिल चुनाव में राजेश व्यास आगे

भोपाल |स्टेट बार काउंसिल चुनाव 2026 की मतगणना के बाद राजेश व्यास सहित 368 वोटों के साथ पहले स्थान पर हैं। विजय चौधरी 281 वोटों के साथ दूसरे और पीसी कोतवानी 270 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। भोपाल के वकीलों के 1,886 मत दर्ज किए गए हैं। कुल आए वोटों में से चार पूरे हो चुके हैं, जबकि शेष तीन राउंड की मतगणना अगले दिन की जाएगी।

सीएम हाउस में तैनात पुलिसकर्मी से साइबर ठगी

भोपाल |सीएम हाउस में पदस्थ प्रधान आरक्षक राजीव सिंह परिहार से साइबर ठगों ने 1.80 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठग ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर क्रेडिट कार्ड के रिवार्ड पॉइंट रिडीम कराने का झांसा दिया। फ्रॉड एप्लिकेशन लिंक भेजकर जानकारी मंगवाई गई, जिसके बाद ओटीपी साझा होते ही पैसा कट गया। पीड़ित ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कई इलाकों में 4 से 6 घंटे बिजली कटौती

भोपाल |लाइन मेंटेनेंस और पेड़ों की कटाई के कारण भोपाल के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। 7 नंबर स्टोर, ई-1, ई-2, आरिफ नगर, निशातपुरा, शेनिश हिल्स, अमरावत कॉलोनी और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित कई इलाकों में 4 से 6 घंटे तक बिजली बंद रहेगी। बिजली कंपनी के अनुसार रखरखाव कार्य के चलते यह अस्थायी कटौती की जा रही है। उपभोक्ताओं से आवश्यक तैयारी रखने की अपील की गई है।

पुराने किला क्षेत्र की शराब दुकान को हाईकोर्ट से राहत

भोपाल |पुराने किला क्षेत्र में संचालित शराब दुकान फिलहाल नहीं हटेगी। आबकारी विभाग द्वारा स्थान परिवर्तन का नोटिस जारी किए जाने के बाद ठेकेदार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। न्यायालय से स्टे मिलने के कारण दुकान को तत्काल हटाने की कार्रवाई रोक दी गई है। स्थानीय शिकायतों और विरोध प्रदर्शन के बाद विभाग ने नोटिस जारी किया था। मामले की अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनी रहेगी।

लिफ्ट मांगकर लूट करने वाले दो आरोपियों को 5 साल की सजा

भोपाल |भोपाल की अदालत ने लिफ्ट मांगकर कार सवार व्यक्ति को लूटने वाले शाहिदखान पठान और मोहम्मद कुनवर को चार-चार वर्ष की सजा सुनाई है। दोनों पर एक-एक हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। वर्ष 2019 में आरोपियों ने शिकायतकर्ता को बहाना बनाकर कार में बैठने के बाद चाकू की नोक दिखाकर नकदी, मोबाइल, सोने की अंगूठियां और घड़ी लूट ली थी।

कैबिनेट बैठक

मप्र के 80 लाख किसानों को किसान कल्याण वर्ष 2026 में सरकार ने एक और तोहफा दिया

मोहन कैबिनेट में किसानों के लिए बड़ा फैसला: पहले किसानों को रबी व खरीफ के ऋण मिलता था

खरीफ एवं रबी सीजन के लिए पृथक-पृथक देय तिथि (ड्यू डेट) नहीं रखते हुए उसके स्थान पर वार्षिक एकल ऋण सीमा रखी जाएगी, जिसमें नगद एवं वस्तु ऋण की उप-सीमा निर्धारित रहे

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

मप्र के 80 लाख किसानों को किसान कल्याण वर्ष 2026 में सरकार ने एक और तोहफा दिया है। अब किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर फसली ऋण मिलेगा। इसकी समय-सीमा एक वर्ष के लिए होगी, किसान जब से ऋण लेंगे उसी समय से उसकी गणना शुरू होगी। जबकि पहले किसानों को रबी व खरीफ के लिए अलग-अलग फसली ऋण मिलता था। ब्याज की अवधानी समय-सीमा में नहीं करने पर किसानों को डिफॉल्टर घोषित कर दिया जाता था। इससे किसानों पर काफी अधिक ब्याज लगता था। किंतु अब ऐसा नहीं होगा। मप्र कैबिनेट ने वर्ष 2026-27 के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण दिए जाने की योजना के तहत किसानों के हित में हरी की मंजूरी दी गई। इस अनुसार खरीफ एवं रबी सीजन पृथक-पृथक देय तिथि नहीं रखते हुए उसके स्थान पर सकल एकल ऋण सीमा रखी जाएगी, जिसमें नगद एवं वस्तु ऋण की एक सीमा निर्धारित रहे। उदाहरण से 12 माह निर्धारित की जाएगी।

किसानों को काफी अधिक ब्याज लगता था किंतु अब ऐसा नहीं होगा

सरकार पर कुल 140 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा

225 मिडिल स्कूलों का हाई स्कूल और 300 हाईस्कूलों का हायर सेकंडरी में उन्नयन को मिली मंजूरी

3 लाख रुपए तक ऋण पर कोई ब्याज नहीं लिया जाता

मप्र के जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के संबद्ध बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर खरीफ एवं रबी सीजन की निर्धारित तिथि (ड्यू डेट) तक ऋण की अवधानी कराने पर ब्याज नहीं लेना पड़ेगा। किसानों से 3 लाख रुपए तक के अल्पावधि फसल ऋण पर कोई ब्याज नहीं लिया जाएगा।

इन शर्तों के आधार पर किसानों को मिलेगा ऋण

जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों से संबद्ध बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर खरीफ एवं रबी सीजन के लिए 25,000 रुपए तक अल्पावधि ऋण दिया गया। वर्ष 2026-27 में इसके लिए 25,000 रुपए से बढ़ाकर 50,000 रु. का प्रावधान किया गया है। इसमें से एक माह तक में 3,000 रुपए रु. का ऋण वितरण किया जा चुका। सामान्य ब्याज अनुदान तथा निर्धारित तिथि पर ऋण आदायगी के लिए प्रस्तावित अनुदान

फैक्ट्री में सलमान बनकर घूमता था मास्टरमाइंड राहुल

12 घंटे में फोन बाहर कराया था, बाल मुंडवाए फिर भी पकड़ाया

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

राजधानी में नकली कॉल सेंटर के जरिए मेट्रोपॉलिटन का कथित मास्टरमाइंड राहुल बुलवाल अधिकारियों एसटीएफ के हत्थे चढ़ गया। गांधी नगर जिला अदालत तक शिल्पा फैक्ट्री पर कार्रवाई के बाद फरार हुए राहुल को एसटीएफ ने जिंदल (केरल) से गिरफ्तार किया है। उस पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित था। उसे इंटरपोल वारंट पर भोपाल लाकर 27 जून तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

डीआईजी एसटीएफ राहुल लोढ़ा ने बताया राहुल फैक्ट्री में अपनी पहचान

ठिकाने के लिए सलमान नाम का इस्तेमाल करता था और पूरा स्टाफ उसे इसी नाम से जानता था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह हर 12 घंटे में मोबाइल फोन बदलता था और लोकेशन ट्रेस होने से पहले ठिकाना बदल लेता था। वह दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और त्रिवेंद्रम तक

करीब 4500 किमी घूमता रहा। पहचान छिपाने के लिए उसने सिर के बाल भी मुंडवा लिए थे, लेकिन एसटीएफ ने उसे पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद राहुल ने एसटीएफ टीम से पहला सवाल यही पूछा कि आपने मुझे पकड़ा कैसे?

73 हजार से ज्यादा शोशियो का नेटवर्क . . एसटी एसटीएफ

सूत्रों के मुताबिक मध्यप्रदेश के अनुसार गाजी नगर से 49,920 ऑनलाइन कॉल सिस्टम और गुवाहाटी से 23,125 ऑफ-कॉल व ऑनलाइन कॉल सिस्टम बरामद किया गया था। दोनों मामलों में कुल 73,045 शोशियो (करीब 7,305 सीटी) जब्त हुई हैं। जांच में राहुल को पूरे नेटवर्क का मुख्य संचालक माना गया है। साथ ही उसी मंडिकल फर्मो और फिक्स-लाइनों तक फैले नेटवर्क का भी खुलासा हुआ है।

गलत बिल या डिस्प्ले बंद? 1912 पर करें शिकायत

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नई व्यवस्था शुरू की है। अब भोपाल सहित 18 जिलों के उपभोक्ता स्मार्ट मीटर से जुड़ी किसी भी समस्या की शिकायत सीधे टोल-फ्री नंबर 1912 पर दर्ज करा सकेंगे। कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि इससे शिकायतों के जल्द निपटारे में मदद मिलेगी। उपभोक्ताओं को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। कई उपभोक्ताओं को इंस्टॉलेशन, बिलिंग और तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।

नई सुविधा के तहत स्मार्ट मीटर का गलत या अनुचित इंस्टॉलेशन, मीटर का जल जाना, डिस्प्ले बंद होना, गलत बिल बनना, मीटर की तेज रिकॉर्डिंग से अधिक बिल आना, रीचार्ज एप में गलत डेटा दिखना या डेटा प्रदर्शित नहीं होना शिकायत नंबर 1912 पर दर्ज की जा सकती है। अब मीटर में खराबी होने पर उसे बदलने का काम भी तेजी से किया जाएगा। बिजली बिल में गलत डेटा दिखने या डेटा प्रदर्शित नहीं होना शिकायत नंबर 1912 पर दर्ज करें। शिकायत दर्ज करने के बाद शिकायत की स्थिति की जानकारी भी मिल सकेगी। इससे शिकायतों का समाधान तेज हो सकेगा।

महापौर के निर्देश पर निगम अमला तत्काल पहुंचा, उठवाया कचरा

अफसरों को लगाई फटकार, कराई सफाई झील किनारे गंदगी देख

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन कई स्थानों पर अब भी सार्वजनिक स्थलों पर कचरा और गंदगी के ढेर नजर आ रहे हैं। मंगलवार को ऐसा ही एक मामला मिसरोद क्षेत्र में सामने आया, जहां सार्वजनिक स्थल पर फैली गंदगी देखकर महापौर मालती राय ने अपना वाहन बीच रास्ते में ही रुकवा दिया और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही मोबाइल पर कचरा उठवाने लगाते हुए तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए।

महापौर रात 10-15 से उठने वाले कचरे का निपटान क्षेत्र से गुजर रही थीं। इसी दौरान मिसरोद में कचरे के रास्ते बदबू नाला में कचरा, गंदगी बिखरी हुई दिखाई दी। गंदगी को देखकर महापौर ने तत्काल अपना वाहन रुकवाया तथा संबंधित अधिकारियों से मोबाइल पर बात कर नाराजगी व्यक्त की।

महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में तत्काल सफाई अभियान चलाया जाए और वहां जमा कचरा, गंदगी तथा निर्माण सामग्री को रास्तों से हटवाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छ विभाग का मैदानी अमला अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखे। महापौर के निर्देश मिलते ही नगर निगम के जोन-15 का स्वच्छता अमला मौके पर पहुंचा और लगातार कार्रवाई शुरू की। सफाई कर्मचारियों ने क्षेत्र से कचरा, गंदगी और निर्माण सामग्री इकट्ठा अलग-अलग श्रेणियों में पृथक्करण करते हुए

बिजली के पोल कार को चीरते हुए आरपार निकलेखायसेन बायपास पर हादसा, भोपाल की महिला समेत तीन घायलय

डीआर संवाददाता ▸▸ राजसेन

राजसेन शहर के गोपालपुर बायपास तिराहे पर मंगलवार रात 9 बजे एक सड़क हादसा हुआ। बिजली के पोल लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर से पीछे चल रही कार टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पोल कार के अगले हिस्से को चीरते हुए पीछे तक निकल गए, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे में कार सवार भोपाल निवासी मिता शुक्ला, उनके पति और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक

उपचार के बाद मिता शुक्ला को भोपाल रेफर कर दिया गया है, जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है।

ट्रैक्टर चला, चालीस मीटर तक नहीं

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैक्टर चला था और उस पर कोई पंजीकरण नंबर नहीं था। हादसे के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। टक्कर के बाद बिजली के पोल कार में फंस गए थे, जिन्हें स्थानीय निवासी मनीष मालवीय, सतीश मालवीय और नीरज लोधी की मदद से ट्रैक्टर को आगे बढ़ाकर बाहर निकाला गया।

ट्रैक्टर ड्राइवर की तलाश में जुटी पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही

दो माह तक घरना-प्रदर्शन पर रोक

भोपाल | पुलिस कमिश्नर ने मॉडिफिकेशन चौराहा से कियोस्क पार्क चौराहा और अरापाल के क्षेत्र में दो महीने के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया है। बीएनएसएस की धारा 163 के तहत जारी आदेश के अनुसार यहां धरना, प्रदर्शन, जुलूस, सभा और पुतला दहन जैसे कार्यक्रम नहीं हो सकेंगे। पुलिस का कहना है कि यह मार्ग एयरपोर्ट, इंमीडिया अस्पताल और बीआईसी अस्पताल से जुड़ा महत्वपूर्ण रास्ता है, जहां प्रदर्शन से यातायात और

दौड़ेगी मेट्रो, सिग्नलिंग सिस्टम को आज परखेगी तीन सदस्यीय टीम

करीब सात किमी लंबा है कॉरिडोर

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

शहर में मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर में अब जल्द ही दूसरे ट्रैक पर भी मेट्रो का संचालन शुरू हो जाएगा। करीब सात किमी लंबे इस कॉरिडोर में स्थापित सिग्नलिंग एवं ट्रेन कंट्रोल सिस्टम का बुधवार से रेल संरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) की तीन सदस्यीय टीम तकनीकी निरीक्षण करेगी। दो दिन तक चलने वाले इस निरीक्षण में सुरक्षा और परिचालन से जुड़े सभी मानकों की गहन जांच की जाएगी। टीम से हरी झंडी मिलने के बाद दूसरे ट्रैक पर मेट्रो संचालन शुरू हो जाएगी।

मेट्रो प्रशासन के अनुसार निरीक्षण के दौरान ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी), इंटरलॉकिंग सिस्टम, ट्रैक सर्किट, कम्युनिकेशन आधारित सिग्नलिंग, पॉइंट मशीन, सिग्नल सिस्टम-स, इमरजेंसी ब्रेकिंग सिस्टम तथा कंट्रोल सेंटर से ट्रेनों के संचालन की प्रक्रिया का परीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों में सिस्टम की कार्यक्षमता का भी आकलन किया जाएगा। मेट्रो के संचालन से पूर्व सीएमआरएस की टीम का यह इस साल का पहला निरीक्षण है।

निरीक्षण के बाद टीम अपनी रिपोर्ट तैयार कर दिल्ली लौटेगी। यदि सभी तकनीकी और सुरक्षा मानक संतोषजनक पाए जाते हैं तो सीएमआरएस की मंजूरी के बाद नया मेट्रो दूसरे ट्रैक पर नियमित परिचालन शुरू कर सकेगी।

अजीब मौसम | नरसिंहपुर में लूचली, दतिया में पारा 42.2 डिग्री

अगले 4 दिन तक ऐसा ही मिला-जुला मौसम रहने का अनुमान

भोपाल समान सहित 3 दर्जन शहरों में बारिश तेज हवाएं चलीं

छतरपुर में आकाशीय बिजली गिरने से बच्ची की मौत

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में सोमवार को मौसम में बदलाव के साथ करीब तीन दर्जन शहरों में तेज हवाओं के साथ बारिश बौछारों का दौर रहा।

इधर, बंगाल की खाड़ी से भी अच्छी खबर है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार सोमवार को पश्चिम पश्चिमी मानसून का सिस्टम कुछ आगे बढ़ा है। लेकिन प्रदेश में ऑनसेट के लिए अभी तारीख तय नहीं है।

आज यहां बारिश बौछारों का अलर्ट

मंगलवार तक भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, रतलाम, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, बड़वानी, उज्जैन, देवास, शाजापुर, राजगढ़, अशोकनगर, गुना, श्योपुरकलां, सिरोंज, सीधी, रीवा, सतना, सतना, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, मंडला, सिवनी, बालाघाट, पन्ना, सागर, छतरपुर, मैहर, पांढुर्ना, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला में तेज हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट है।

कम बारिश वाले जिले- अनूपपुर, बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, डिंडौरी, जबलपुर, खरगौन, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, निवाड़ी, पांढुर्ना, पन्ना, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़, उमरिया, अलीराजपुर, बड़वानी, बैतूल, भिंड, बुरहानपुर, दतिया, देवास, धार, ग्वालियर, हरदा, इंदौर, झाबुआ, खंडवा, खरगोन, नर्मदापुरम, नीमच, राजगढ़, रतलाम, ऋतुपुर, सीहोर, शिवपुरी, उज्जैन और विदिशा।

ज्यादा बारिश वाले जिले- भोपाल, अशोकनगर, अलीराजपुर-मालवा, गुना, मंदसौर, नीमच और श्योपुर।

मुख्यमंत्री के निर्देश- प्रभारी मंत्री रखें अपने जिले का रिपोर्ट कार्ड

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि जिलाकरण क्षेत्र विकास योजना के तहत सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और निगरानी अवस्थों में पर्यावरण अनुकूल भवन निर्माण सामग्री के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। सोमवार को मंत्रालय में बैठक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त के जिला स्तरीय समारोहों में प्रभारी मंत्री विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण करेंगे। साथ ही जिलों के विकास कार्यों पर

आधारित प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी, जिससे जनता को योजनाओं की जानकारी मिल सकेगी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने जिला विकास समितियों का सम्मेलन भोपाल में आयोजित करने तथा निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन्म और मृत्यु पंजीकरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए विभाग खंडों पर ही मृत्यु पंजीयन की सुविधा शुरू करने की कार्ययोजना बनाने को कहा।

मुख्यमंत्री ने जिलों के विकास सूचकांक स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार तय करने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण के लिए तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। बैठक में बताया गया कि सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम से अब तक 1.37 लाख से अधिक छात्र लाभान्वित हो चुके हैं।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-10-2083 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 24 जून 2026

न्यूज गैलरी

ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से किसान की मौत

अहमदपुर (थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। ग्राम खाईखेड़ा निवासी 36 वर्षीय रामश्याम दांगी सोयाबीन लेने रिसेवान के घर जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और वह उसके नीचे दब गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी।

जिले के 05 आयुष्मान आरोग्य मंदिर एनक्यूएएस प्रमाणित

सीहोर। एनएबीएचएचएस दिल्ली द्वारा जिले के बमुलिया, गुराडी, जांगरा, मावेर और नौगांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को एनक्यूएएस प्रमाणित किया गया है। उल्लेखनीय है राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की टीम द्वारा इन स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया था। टीम द्वारा केंद्र में संचालित सेवाओं एवं समूचे केंद्र को मानक पाया गया था। जांच के दौरान केंद्र में रानी स्वास्थ्य सेवाएं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित पाई गईं। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाएं शासन द्वारा निर्धारित मानदंडों का पालन करते हुए उच्च दर दी हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

कीटनाशक छिड़काव के लिए श्रमिकों का साक्षात्कार 25 जून को

सीहोर। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत बुधनी एवं नैसर्गिक विकासखंड में डाई डिस्क वाले सिंथेटिक ट्रायों में मलेरिया की रोकथाम हेतु कीटनाशक का छिड़काव करने के लिए श्रमिकों की आवश्यकता है। यह कार्य सीमित अवधि का होना और कीटनाशक छिड़काव में लगने वाले श्रमिकों के पारिश्रमिक का भुगतान कलेक्टर रेट पर निर्धारित दर अनुसार किया जाएगा।

इस कार्य के लिए 25 जून को प्रातः 11 बजे से 05 बजे तक बुधनी सिविल अस्पताल में इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति अपने आवेदन एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। यह कार्य पूर्णतः अस्थायी है और अंतिम निर्णय समिति का होगा।

स्थानांतरण उपरांत सौंपा गया अतिरिक्त प्रभार

सीहोर। जिले में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर जमील खान और बुधनी एसडीएम विनोद सिंह तोमर का स्थानांतरण भोपाल हो गया है। कलेक्टर श्री बालगुरू के द्वारा संयुक्त कलेक्टर जमील खान को बुधनी एसडीएम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं एसडीएम विनोद सिंह तोमर को सीहोर एसडीएम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

बारिश के आसार खरीफ फसल की बोवनी से पहले बरतें सावधानी, नहीं तो हो सकता है भारी नुकसान

कृषि मौसम वैज्ञानिक की सलाह- पर्याप्त बारिश और उचित नमी बनने के बाद ही करें बुवाई

डीआर संवाददाता»सीहोर

मानसून के आगमन के साथ ही किसान खरीफ फसलों की बोवनी की तैयारियों में जुट गए हैं। हालांकि कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि जल्दबाजी में की गई बुवाई किसानों के लिए नुकसान का कारण बन सकती है। कृषि मौसम वैज्ञानिक हेमंत कुमार सिन्हा ने किसानों को सलाह दी है कि वे खेत में पर्याप्त नमी बनने और उपयुक्त मौसम की स्थिति का इंतजार करने के बाद ही खरीफ फसलों की बुवाई करें। उन्होंने कहा कि कई किसान प्री-मानसून की शुरुआती बारिश के बाद ही बोवनी शुरू कर देते हैं, लेकिन यदि इसके बाद लंबे समय तक बारिश नहीं होती तो बीजों के अंकुरण और फसल की बढ़वार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे में किसानों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।

बारिश से पहले खेत की करें तैयारी

हेमंत कुमार सिन्हा के अनुसार खरीफ सीजन में बेहतर उत्पादन के लिए खेत की पूर्ण तैयारी बेहद जरूरी है। किसानों को बुवाई से पहले खेत की अच्छी तरह जुताई करनी चाहिए ताकि खरपतवार और पुरानी फसल के अवशेष नष्ट हो सकें। इसके साथ ही खेत को समतल बनाना चाहिए जिससे वर्षा का पानी पूरे खेत में समान रूप से फैल सके। खेत में सड़ी हुई गोबर खाद या कम्पोस्ट मिलाने से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और फसल को बेहतर पोषण मिलता है। उन्होंने किसानों को रबी फिसली की उचित व्यवस्था करने की भी सलाह दी है, ताकि अधिक वर्षा होने पर खेत में पानी जमा न हो।

50 से 75 मिमी बारिश के बाद करें बुवाई

कृषि वैज्ञानिकों के मुताबिक सामान्य रूप से 50 से 75 मिलीमीटर वर्षा होने के बाद खेत में पर्याप्त नमी जमती है, जो खरीफ फसलों की बुवाई के लिए उपयुक्त मानी जाती है। केवल एक दिन की तेज बारिश को आधार बनाकर बुवाई शुरू नहीं करनी चाहिए। किसानों को यह देखना चाहिए कि मिट्टी में नमी ऊंचे सतह तक बनी रहने की स्थिति में है या नहीं।

10 से 15 सेंटीमीटर गहराई तक पहुंचे नमी

हेमंत कुमार सिन्हा ने बताया कि अलग-अलग क्षेत्रों में काली लाल, रेतीली और पथरीली मिट्टी पाई जाती है, जिनकी जल धारण क्षमता अलग-अलग होती है। इसलिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि मिट्टी में कम से कम 10 से 15 सेंटीमीटर गहराई तक नमी पहुंच गई हो। इसी स्थिति में बीजों का अंकुरण बेहतर होता है और फसल की शुरुआती वृद्धि मजबूत रहती है।

ऐसे करें मिट्टी की नमी की जांच

किसान खेत की मिट्टी को हाथ में लेकर उसकी नमी का आसानी से परीक्षण कर सकते हैं। यदि मिट्टी मुट्ठी में दबाने पर बिखर जाए तो नमी कम है और बुवाई नहीं करनी चाहिए। यदि मिट्टी का गोला बन जाए और हल्का दबाव देने पर टूट जाए तो यह बुवाई के लिए सबसे उपयुक्त स्थिति मानी जाती है। यदि मिट्टी हाथ में चिपकने लगे और कीचड़ जैसी दिखाई दे तो नमी अधिक है। ऐसी स्थिति में कुछ दिन इंतजार करना बेहतर होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि सही समय, पर्याप्त नमी और वैज्ञानिक सलाह के अनुसार की गई बुवाई किसानों को बेहतर उत्पादन और अधिक लाभ दिला सकती है।

हीमोफीलिया पीड़ित बच्चों के लिए भोपाल से इंजेक्शन उपलब्ध का आश्वासन

डीआर संवाददाता»सीहोर

हीमोफीलिया से पीड़ित दो बच्चों को पिछले 21 दिनों से जरूरी इंजेक्शन नहीं मिलने से परेशान एक पिता ने सोमवार को परिवार सहित जिला अस्पताल के सामने धरनाप्रदर्शन कर दिया। सड़क पर बैठकर बच्चों के इलाज की गुहार लगाने से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात प्रभावित हो गया।

आष्टा तहसील के ग्राम नुरुडिया कंचनपुर निवासी श्रवण कुमार मेवाड़ा के दोनों बच्चे हीमोफीलिया नामक अनुवांशिक बीमारी से ग्रस्त हैं। इस बीमारी में रक्तस्राव होने पर खून का थक्का नहीं जमता, जिसके उपचार के लिए नियमित रूप से फैक्टर-8 इंजेक्शन की आवश्यकता होती है। परिजनों का आरोप है कि जिला अस्पताल में पिछले 21 दिनों से यह जीवनरक्षक दवा उपलब्ध नहीं है।

श्रवण कुमार ने बताया कि वे मेडिकल से और आर्थिक तंगी के कारण निजी मेडिकल स्टोर से महंगा इंजेक्शन खरीदने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता और दवा उपलब्ध कराने की मांग की है।

घटनाक्रम की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल के सिविल सर्जन मौके पर पहुंचे और परिवार से चर्चा की। उन्होंने जल्द से जल्द फैक्टर-8 इंजेक्शन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता और मरीजों की समस्याओं को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, सारिका घा, ने स्थानीय निकाय और विधानसभा मतदाता सूची का भ्रम किया

डीआर संवाददाता»सीहोर

मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के तहत सीहोर जिले के ग्राम गुरुमेला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोग की ओर एसेसर सारिका घाड़ ने इस जागरूकता अभियान की कमान संभाली। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पारंपरिक लोकगीतों रहा। स्थानीय भाषा में गीतों, 25 जून तक नाम जोड़ना, हटाना सुधारें जिम्मेदारी जैसे आकर्षक बुनियादी जिंगल्स के जरिए मुनादी और पंपलेटों को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया समझाई गई।

सारिका घाड़ ने नागरिकों को एक बड़ा भ्रम दूर करते हुए स्पष्ट किया कि लोकसभा या विधानसभा की मतदाता सूची और स्थानीय निकाय की सूची दोनों अलग-अलग होती हैं। बिना पात्रता की जांच विधानसभा सूची में है, उन्हें भी पंचायत और नगर निकाय चुनावों के लिए इस स्थानीय सूची में अपना नाम दोबारा जरूर जोड़ना चाहिए।

सारिका ने कहा कि जो युवा 01 जनवरी 2026 को या उससे पहले 18 वर्ष के हो चुके हैं, वे तुरंत अपना नाम जुड़वाएं। इसकी साथ ही मतदाता सूची में नाम या पते की गलतियों को सुधारने के लिए आयोग द्वारा बढ़ाई गई 25 जून की अंतिम तिथि का लाभ उठाएं।

कार्यक्रम का संचालन आगामी स्थानीय चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ हुआ।

ब्लैकमेल कर 17 लाख की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, 11 लाख की नकदी व सामान बरामद

डीआर संवाददाता»सीहोर

नैसर्गिक पुलिस ने ब्लैकमेलिंग, धोखाधड़ी और शराब-गांजा के मामले में एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक युवक से करीब 16 से 17 लाख रुपये की ठगी की थी। पुलिस ने उसके कब्जे से नकदी, बैंक खाते में फ्रीज की गई राशि और महंगे मोबाइल फोन सहित लगभग 11 लाख रुपये का माल बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 7 जून को सुल्तानपुरी निवासी दीपक खंडेलवाल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक अज्ञात व्यक्ति उन्हें लगातार ब्लैकमेल कर धमका रहा है और इसी के जरिए लाखों रुपये ऐंठ चुका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने साइबर सेल की मदद से जांच शुरू की।

तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी संजय मीणा (38), निवासी डालूपुर, जिला नर्मदापुरम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार कर लिया।

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने 7 लाख रुपये नकद, बैंक खाते में जमा 2.15 लाख रुपये फ्रीज किए तथा ठगी की रकम से खरीदा गया आईफोन 17 प्रो और एक रेडमी मोबाइल भी जब्त किया। कुल मिलाकर करीब 11 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की गई है।

10 साल पुराने जमीन विवाद में युवक पर हमला, गंभीर हालत में भोपाल

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले के ग्राम सेन्धिया में जमीन और रास्ते को लेकर चल रहे विवाद ने सोमवार सायंकाल एक बार फिर हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान छह लोगों ने एक युवक पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया है।

पीड़ित के भाई ने बताया कि दोनों परिवारों के बीच जमीन और रास्ते को लेकर करीब 10 वर्षों से विवाद चल रहा है। इसी पुराने विवाद के कारण आरोपी पक्ष अपना दावा जताता रहा है और उसी जमीन से यह हमला किया गया। घटना की सूचना मिलते ही कोहराबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल पहुंचाकर उपचार की व्यवस्था की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में जसपाल अरोरा को मिली जगह, सीहोर से एकमात्र नेता

डीआर संवाददाता»सीहोर

भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश की नई प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। इस सूची में सीहोर जिले से वरिष्ठ भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। पार्टी मंडल से उनके लंबे जनहितैषी अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और जमीनी सक्रियता को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

असमान सिंह अरोरा सीहोर नगर से एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिन्हें प्रदेश कार्यसमिति में स्थान मिला है। उनके मनोनयन की खबर मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उल्लास व्यक्त किया। भाजपा पदाधिकारियों ने इसे सीहोर जिले के लिए सम्मान की बात बताया है।

प्रदेश स्तर पर नई जिम्मेदारी मिलने पर जसपाल सिंह अरोरा ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। पहले, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव का लाभ न केवल सीहोर बल्कि पूरे प्रदेश के संगठन को मिलेगा। प्रदेश कार्य समिति में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रघुनाथ भाटी को भूमि विकास से क्षेत्र में जगह मिली है पूर्व जिला अध्यक्ष वीतराग वाघ विशेष आमंत्रित सदस्य रहेंगे

30 जून से मजदेशा बंद, एक जुलाई से जी राम जी

सीहोर। 20 साल पहले शुरू हुई मनरेगा योजना 30 जून की शाम से बंद हो जाएगी। इसकी जगह 1 जुलाई से जी राम जी योजना शुरू होगी। नई स्कीम में काम का दायरा बढ़ा दिया गया है। ग्राम पंचायत के लिए पहले की तुलना में ज्यादा बजट मिलेगा। सरकार ने जी राम जी में बच्चों कामों के बजाय पक्के निर्माण कराने के अधिकार दे दिए हैं। मनरेगा के मेन्स बाद, कच्ची मुरम सड़कें जैसे कच्चे काम नई स्कीम में हटा दिए गए हैं। नई योजना में जिले की पंचायतों इसर के ज्यादा काम कर सकेंगी। कच्ची सड़क बनाने से लेकर बागीचा, वनपुरातिक भवन, वाटर हार्वेस्टिंग जैसे 318 प्रकार के काम कराए जा सकेंगे।

टीएल बैठक मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना संबल के लंबित आवेदनों का शीघ्र करें निराकरण, कलेक्टर

वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों के संपरिवर्तन एवं वनाधिकार पट्टों के फौती नामांतरण में तेजी

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्टर श्री बालगुरू के की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का सतोषजनक निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना संबल के अंतर्गत लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ मिलना चाहिए, ताकि उन्हें आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर उनका त्वरित निराकरण किया जाए।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना योजना की भी समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक अनुसूचित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। योजना के तहत पात्र श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर मासिक पेंशन का लाभ मिलता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक श्रमिकों को योजना से जोड़ने तथा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने उपार्जन मूल्य पर मूंग उपार्जन के लिए किसान पंजीयन के सत्यापन कार्य तथा जिले में खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मूंग उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन का सत्यापन निर्धारित समय-सीमा में पूरी पारदर्शिता और गंभीरता के साथ किया जाए, ताकि पात्र किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने कहा कि जिले में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सहकारी समितियों एवं खाद विक्रेताओं से माध्यम से खाद वितरण की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों किसानों को आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध कराने तथा वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। कृषि कार्यों के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

रातों-रात बदली जिम्मेदारियां: संजय तोमर बने डाइट प्राचार्य, शीलू ने किया ज्वाइन

डीआर संवाददाता»सीहोर

ट्रांसफर का दौर लगातार जारी है। स्कूल शिक्षा विभाग की उप संचिव मंजूषा श्रीवास्तव राय ने अपने ही 5 दिन पहले 18 जून को जारी आदेश में ट्रांसफर होने वाले कुछ अधिकारियों की नई पदस्थापना बदल दी है। सीहोर के डीईओ संजय तोमर का तबादला 18 जून के आदेश में देवास जिले के जिमनाइट उमरिये के प्राचार्य के रूप में किया गया था, लेकिन मंगलवार को जारी आदेश में उन्हें अब जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सीहोर का प्राचार्य बनाया गया है। वहीं देवास के सहायक संचालक सावन पाटीदार को अब सीहोर जी जगह राजगढ़ भेजा गया है। राजगढ़ में डीईओ का प्रभार संभालेंगे। खास बात यह है लोक शिक्षण संचालनालय में पदस्थ सहायक संचालक शीलू शर्मा का तबादला सीहोर किया गया है। वे सीहोर में डीईओ का प्रभार संभालेंगी। दोपहर में आदेश जारी होने के बाद देर शाम को ही शीलू ने सीहोर पहुंचकर ज्वाइन भी कर लिया है। नई सूची में कुल 16 सहायक संचालक स्तर के अधिकारियों के तबादले किए हैं।

16 में से 4 की दोबारा पोस्टिंग

23 जून को जारी तबादला सूची सूर में 4 नाम ऐसे हैं जिनकी दोबारा पोस्टिंग की गई है। इनमें तीन अधिकारी तो सीहोर से जुड़े हैं, जबकि एक जनपद पंचायत की अधिकारी है जिनकी पदस्थापना भी बदली है। सीहोर डीईओ संजय तोमर को डाइट प्राचार्य बनाया है, जबकि देवास के सहायक संचालक सावन पाटीदार को सीहोर की जगह राजगढ़ और सहायक संचालक शीलू शर्मा को राजगढ़ की जगह सीहोर तबादला किया गया है।

न्यूज गैलरी

अध्यक्ष रवि मालवीय कल आएंगे

सीहोर। पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रवि मालवीय 25 जून को सुबह 11.30 बजे सीहोर पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे कलेक्ट्रेट में दोपहर 2.30 बजे निगम द्वारा संचालित गुलामगंजी उद्यम व स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद शाम 4 बजे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे और शाम 7 बजे भैरूंदा के लिए प्रस्थान करेंगे।

प्रमाण-पत्र जारी करने संबंधी नई व्यवस्था लागू

सीहोर। बीआईपी व अतिविशिष्ट व्यक्तियों के लोक कार्यक्रमों तथा व्यक्तिगत आयोजनों में सुरक्षा व तकनीकी व्यवस्थाओं के प्रमाण-पत्र जारी करने को लेकर नई व्यवस्था निर्धारित की गई है। लोक निर्माण विभाग व विद्युत वायरिंग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार बिजली सुरक्षा संबंधी प्रमाण पत्र केवल विद्युत सुरक्षा विभाग के माध्यम अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के बाद ही जारी किए जाएंगे। कार्यक्रमों में लाइट, साउंड और डेकोरेशन कार्य कराने वाले अधिकृत संविदाकार वेंडर को संबंधित विभाग के माध्यम से आवश्यक प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने होंगे। लोक निर्माण विभाग ने स्पष्ट किया है कि निजी संवेदनकारों द्वारा कराए गए कार्यों के लिए विभागीय अधिकारी सीधे प्रमाण-पत्र जारी नहीं करेंगे। निर्देशों में कहा गया है कि कार्यक्रम के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आयोजनकर्ता विभाग की होगी। वहीं सड़क सिल्टन व डीजे संचालन की पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित वेंडर की होगी। किसी भी चूक की स्थिति में नियमों के उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

26 जून तक चलाया जा रहा है नशा मुक्त भारत सप्ताह

सीहोर। कलेक्टर सत्यनुज के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नशामुक्ति के उद्देश्य से जिले में 17 से 26 जून तक नशा मुक्त भारत सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इस सप्ताह के तहत जिलेभर में अनेक नशामुक्ति संबंधी जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस सप्ताह के तहत जिले के स्कूल कालेजों में नशा मुक्ति पर लेखन, भाषण व पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसके साथ ही जन जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक, नशा मुक्ति शपथ, ई-शपथ अभियान, युवाओं के लिए महामंत्र सत्र व कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं व युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के

बारिश के आसार हाउसिंग बोर्ड के ओवरब्रिज निर्माण की सुस्त चाल ने बढ़ाई मुसीबत

सर्विस रोड पर डाला कोपरा भी बना मिट्टी, वर्षा में फिर होगी कीचड़

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर के हाउसिंग बोर्ड के पास निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज से किन्नरों वाली बसखेड़ा सर्विस रोड पर शाम ही में प्रशासन और निर्माण एजेंसी द्वारा राहत के नाम पर जो कोपरा डाला गया था, वह वाहनों के भारी दबाव के कारण पूरी तरह पिसकर अब मिट्टी में तब्दील हो चुका है। ऐसे में आगामी वर्षा होते ही यह पूरी सड़क एक बार फिर जानलेवा कीचड़ में बदल जाएगी। सबसे गंभीर और चिंताजनक बात यह है कि इतनी सख्ताहाल और खतरनाक सड़कों के बीच के तीन प्रमुख स्कूलों के सैकड़ों वाहन और मासूम बच्चे रोजाना गुजरते हैं, जिनके लिए अब यह सफर बेहद जोखिम भरा और जानलेवा होने वाला है। निर्माण एजेंसी की घोर लापरवाही और बरसुला गति से चल रहे काम के कारण अब तक इस मार्ग पर

90 से अधिक लोग दिवंगत कर चुके हैं। किसी स्थानीय जनता ने आक्रोश व्यक्त है।

हाउसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण तय रही बातों ने जनता को वैकल्पिक रास्ता देने के नाम पर सिर्फ लापरवा और सतही औपचारिकता पूरी की है। वर्तमान में इस मुख्य मार्ग से रोजाना चामरूपुरी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, ऐतिहि नगर सहित आसपास के दर्जनों बस्ती के लगभग 15 से 20 हजार लोग गुजरते हैं।

सड़क पर जगह जगह गहरे और बेतरतीब गड्ढे उभरे हुए नुकीले पत्थर और धूल के गुबार ने दोपहिया वाहन चालकों का जीना दूभर कर रखा है। इंटरनेट मीडिया पर भी इस बदहाली के कई वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिसमें लोग गिरते-संभलते और चोटिल होते साफ नजर आ रहे हैं।

इंटरनेट मीडिया पर तीखे विरोध के बाद शनिवार-रविवार की रात सड़क पर कोपरा तो डाला गया, लेकिन उसकी गुणवत्ता इतनी खराब थी कि वह सोमवार दिनों में ही पिसकर धूल और मिट्टी बन गया।

तीन प्रमुख स्कूलों के सैकड़ों बच्चों की सेहत और सुरक्षा दांव पर: स्थानीय

निवासियों और अभिभावकों के अनुसार इस बदहाल मार्ग से शहर के तीन सबसे बड़े स्कूल सेंट एनीज, आसमाकॉर्नर और ब्लू बर्ड जुड़े हुए हैं। इन स्कूलों में सैकड़ बसें, वैन, ऑटो और ई-रिक्शा समेत सैकड़ों वाहन रोजाना गुजरते बच्चों समेत में की जबकि सड़क और ट्रांसफॉर्मर की साथ इस निर्माण कार्य की कछुआ चाल का खामियाजा सिर्फ राहगीरों को ही नहीं, बल्कि सड़क के दोनों ओर स्थित मुख्यनिवासी और व्यापारियों को भी भुगतना पड़ रहा है। सनातन उदयी गुल और अव्यवस्था के कारण व्यापार का पूरा व्यापार नीचाट हो चुका है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और जिलेवार अधिकारियों को कई बार लिखित में शिकायत सौंपी है, लेकिन हर बार महज अस्थायी कोपरा डालकर पल्ला झाड़ लिया जाता है।

उबड़-खाबड़ रास्ते से रेंगते हुए निकलते हैं।

सूत्रों के मीडिया में उड़ने वाली कोपरा और धूल की आंधी से बच्चों को सांस और आंखों से संबंधी बीमारियां हो रही हैं। वहीं दूसरी ओर कोपरा के मिट्टी में बदल जाने के कारण अब पहली ही तेज वर्षा में यहां भारी जाम और वाहनों के फंसने का बड़ा खतरा पैदा हो गया है। इस मामले में अभिभावकों का कहना है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

मंडी शुल्क वृद्धि के विरोध में व्यापारियों की हड़ताल, सीहोर मंडी में

डीआर संवाददाता»सीहोर

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मंडी शुल्क में की गई वृद्धि के विरोध में मंगलवार को सीहोर सहित प्रदेशभर में व्यापारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। गल्ला व्यापारी एसोसिएशन के आह्वान पर कृषि उपज मंडी में कारोबार पूरी तरह बंद रहा और व्यापारियों ने सरकार के फैसले पर नाराजगी जताई।

हड़ताल के दौरान व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बढ़ाए गए मंडी शुल्क को तत्काल प्रभाव लेने की मांग की गई। व्यापारियों का कहना है कि सरकार ने मंडी शुल्क लगभग 150 प्रतिशत बढ़ा दिया है, जो पहले की तुलना में करीब 50 प्रतिशत अधिक है। इससे व्यापार की लागत बढ़ेगी और इसका असर किसानों, व्यापारियों तथा उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।

व्यापारियों ने बताया कि पड़ोसी राज्यों में कई कृषि उपजों पर मंडी शुल्क बहुत कम या शून्य है। ऐसे में मध्य प्रदेश में शुल्क बढ़ने से वहां के व्यापारियों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता प्रभावित होगी और बाजार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

व्यापारी नेताओं ने कहा कि फिलहाल सांकेतिक हड़ताल के माध्यम से विरोध दर्ज कराया गया है, लेकिन यदि सरकार ने मांगों पर विचार नहीं किया तो भविष्य में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जगत शाह सहित बड़ी संख्या में गल्ला व्यापारी और एसोसिएशन पदाधिकारी मौजूद रहे।

हीमोफीलिया पीड़ित बच्चों के लिए भोपाल से मंगाए जा रहे इंजेक्शन

सीहोर। जिला अस्पताल के सामने हीमोफीलिया पीड़ित बच्चों के परिजनों द्वारा किए गए चक्काजाम के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया है। सिविल सर्जन डॉ. यू. के. श्रीवास्तव ने बताया कि कैथलेब-8 इंजेक्शन की कमी के कारण शनिवार को बच्चों के लिए ये विशेष इंजेक्शन भोपाल से मंगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके खाते में लगभग 2,05,000 में से बैंक द्वारा बिना उनकी अनुमति और पूर्व सूचना के 1,26,000 की राशि बनाया ऋण के नाम पर काट ली गई। आवेदन का आदेश है कि बैंक प्रबंधन द्वारा काटी गई सभी राशि वापस भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। शाम से

विभाग उनकी अनुमति और पूर्व सूचना के 1,26,000 की राशि बनाया ऋण के नाम पर काट ली गई। आवेदन का आदेश है कि बैंक प्रबंधन द्वारा काटी गई सभी राशि वापस भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। शाम से मोबाइल पर लगातार अनेकबार संदेश भी आ रहा रहीं और जानकारी देने की बात कही गई है।

पीड़ित परिवार ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कटौती की गई राशि वापस दिलाने तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर सत्यनुज ने आश्वासन दिया कि इस गंभीर मामले की जांच एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कर दिया गया है। मामले की जांच से बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

कृषि खाते से बिना सूचना 1.26 लाख काटने का आरोप, कलेक्टर से की शिकायत

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर, 23 जून। जिले के दोराहा तहसील अंतर्गत ग्राम नरसीकखा निवासी प्रहलाद राव बैरागी ने जिला कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शिकायत दर्ज कराते हुए जिला केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा सिरोही पर बिना पूर्व सूचना उनके कृषि खाते से बड़ी राशि काटने का आरोप लगाया है।

शिकायत के अनुसार प्रहलाद राव बैरागी का कृषि खाता क्रमांक 1600030132012 जिला केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा सिरोही में संचालित है। उन्होंने बताया कि उनके खाते

में लगभग 2,05,000 में से बैंक द्वारा बिना उनकी अनुमति और पूर्व सूचना के 1,26,000 की राशि बनाया ऋण के नाम पर काट ली गई। आवेदन का आदेश है कि बैंक प्रबंधन द्वारा काटी गई सभी राशि वापस भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। शाम से

प्लास्टिक की पन्नी में छिपाकर ले जा रहे थे सागौन, 9 लाख की लकड़ी और पिकअप जब्त

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले के गेरुआ रोड पर पुलिस ने अवैध सागौन की लकड़ी की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 9 लाख रुपए मूल्य की लकड़ी और एक संदेहास्पद पिकअप वाहन जब्त किया है। कार्रवाई नोगवा-हरीपुर रोड स्थित मंदागांव के पास गुरुवार की सूचना पर की गई।

पुलिस को सूचना मिली थी कि संदेहास्पद पिकअप वाहन (एमपी-47-जेबी-7754) में प्लास्टिक की पन्नी से ढककर अवैध सागौन की लकड़ी ले जाई जा रही है।

सूचना के आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील राजा और एसडीओपी रोहन कुमार

रोन को मार्गदर्शन में गेरुआ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

तलाशी के दौरान पिकअप से सागौन की लकड़ी के 12 नग बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में लगभग अवैध कटाई और बिना वैध दस्तावेजों के लकड़ी के परिवहन का खुलासा हुआ। पुलिस ने लकड़ी और वाहन को जब्त कर थाने लाया तथा लकड़ी की कुल अनुमानित कीमत करीब 9 लाख रुपए आंकी गई है।

आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने वाहन और लकड़ी को आगे की जांच के लिए वन विभाग लाखनादौन के सुपुर्द कर दिया है। वन विभाग मामले में तस्करी की पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रहा है।

चावल से भरा ट्रक पलटा, लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

डीआर संवाददाता»सीहोर

इंदौर भोपाल राज्य राजमार्ग पर जतखेड़ा के पास मंगलवार को चावल से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसके बाद उसमें भीषण आग लग गई। हादसे में ट्रक और उसमें लदा चावल जलकर खाक हो गया। हालांकि चालक और क्लीनर ने समय रहते ट्रक से कूदकर अपनी जान बचा ली।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक तेज रफ्तार से इंदौर की ओर जा रहा था। जतखेड़ा के समीप अचानक चालक का वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया और ट्रक सड़क पर पलट गया। पलटते ही ट्रक में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते पूरे वाहन को अपनी

लपेट में ले लिया। ट्रक में भरा चावल भी आग में जल गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रक का बड़ा हिस्सा जल चुका था। हादसे के कारण हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात प्रभावित रहा।

बाद में क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रक को सड़क से हटाया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। प्राथमिक अनुमान के अनुसार हादसे में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी

आष्टा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता भैया मियां को दी श्रद्धांजलि

डीआर संवाददाता»सीहोर

पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद मंगलवार को आष्टा पहुंचे और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भैया मियां के निवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। भैया मियां का 8 जून को निधन हो गया था। वे शहर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व पार्षद तथा सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए जाने जाते थे। परिवारजनों और

कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में दिग्विजय सिंह ने भैया मियां को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके साथ अपने लंबे संबंधों को याद किया। उन्होंने कहा कि वे भैया मियां को उस समय से जानते थे, जब वे मध्य प्रदेश में अर्जुन सिंह मंत्रिमंडल में मंत्री थे। उन्होंने भैया मियां को एक सुलझा हुआ, मिलनसार और सामाजिक मुद्दों पर कार्य करने वाला व्यक्ति बताया।

दिग्विजय सिंह ने कहा कि भैया मियां ने हमेशा सामाजिक सौहार्द और भाईचारे के सम्बन्ध को बढ़ाया दिया। उनके व्यक्तित्व और कार्यों को लंबे समय तक याद किया जाएगा। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने भी उनके श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर कांग्रेस विधायक राजीव गुजराती, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार, वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गेमाखेड़ी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

संगठन सृजन संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के द्वारा

संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी ने की चारों विधानसभा क्षेत्रों में मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां

डीआर संवाददाता»सीहोर

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, संगठन महासचिव डॉ. संजय कालसे एवं सीहोर जिला प्रभारी जयश्री हरीकरण के मार्गदर्शन में संचालित संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के द्वारा सीहोर जिले की चारों विधानसभा सीहोर, आष्टा, बुदनी एवं इछावर विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुमोदन उपरांत की गई है। साथ ही

सभी नवनियुक्त सभी मंडल अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है कि आप सभी कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, नीतियों एवं सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन को मूल स्तर तक सशक्त बनाने तथा जनहित के मुद्दों को प्रभावी रूप से उठाने में पूरी ईमानदारी व सक्रियता के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व, समर्पण एवं सक्रिय सहभागिता से सीहोर जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत, गतिशील एवं जन-जन से जुड़ा हुआ बनेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष श्री गुजराती ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने अपने संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन को मूल स्तर तक मजबूत बनाने तथा जनहित के मुद्दों को प्रभावी रूप से उठाने में पूरी ईमानदारी व सक्रियता के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व, समर्पण एवं सक्रिय सहभागिता से सीहोर जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत, गतिशील एवं जन-जन से जुड़ा हुआ बनेगा।

मंडल स्तर पर संगठन का पुनर्गठन किया जा रहा है ताकि कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़े और संगठन को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

इसी के तहत सीहोर विधानसभा क्षेत्र में 28 मण्डलम अध्यक्ष, आष्टा विधानसभा में 37, इछावर विधानसभा में 29 एवं बुदनी विधानसभा में 32 मण्डलम अध्यक्षों की नियुक्तियाँ की गई है। सीहोर जिले की चारों विधान के नवनियुक्त मण्डलम अध्यक्षों के मनोनयन पर कार्यकर्ता एवं शुभकामनाएं देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक सत्येन्द्र पटेल, पूर्व नगराध्यक्ष अष्टा मोनाश पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर, सुश्री कल्पना चौहान, हरवल रामगुर, पिंकन मसराल, विवेक राठौर, धनश्याम यादव, गुलाब बाई ठाकुर, महेश राजपूत सहित कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल है।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री सत्यनुज ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 82 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेड़-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजकुर, एसडीएम राम्या उन्नी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

नगद इनाम की घोषणा

विदिशा। गुलिता अपराध रोहित कटारवानी के द्वारा थाना कोतवाली जिला विदिशा में दर्ज अपराध क्रमांक 112/2025 की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपियों में इकरीश बेदी पुत्र नईम अख्तर निवासी मालवीय वार्ड नम्बर 16 व हनुमान नगर लोधीपुरा बुरहानपुर जिला बुरहानपुर तथा सिविल लाइन जिला विदिशा में दर्ज अपराध के तहत आरोपी हेमंत पुत्र स्व0 नारायण प्रसाद पनवीरनिवासी ए-21 बालाजी एवेन्यु थाना सिविल लाइन विदिशा की सूचना देने वाले को क्रमशः पांच-पांच हजार रूपए नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

विभागों से मांगी उपलब्धियों की जानकारी

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले की विकास पुलिसिंग के प्रबंधन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपनी योजनाओं, उपलब्धियों, विशेष अभियानों, निर्माण कार्यों और गवाहों की अद्यतन जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने कहा कि विकास पुलिसिंग जिले के विकास कार्यों और योजनाओं का समय दस्तावेज होगी। विभागों से बुलेट प्वाइंट्स में तथ्यात्मक विवरण तथा उच्च गुणवत्ता वाले फोटोग्राफ मांगे गए हैं। उन्होंने आंकड़ों के सत्यापन पर विशेष जोर देते हुए समयसीमा में जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए

अपराधियों पर एसपी ने इनाम घोषित किया

विदिशा। एसपी रोहित कटारवानी ने थाना कोतवाली में दर्ज अपराध के तहत आरोपियों में इकरीश बेदी पुत्र नईम अख्तर निवासी मालवीय वार्ड नंबर 16 व हनुमान नगर लोधीपुरा बुरहानपुर जिला बुरहानपुर तथा सिविल लाइन जिला में दर्ज अपराध के तहत आरोपी हेमंत पुत्र नारायण प्रसाद पनवीरनिवासी ए-21 बालाजी एवेन्यु थाना सिविल लाइन की सूचना देने वालों को 5-5 हजार का नगद इनाम देने की घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

अद्भुत संयोग में आर्यो मंगलवार का समापन

विदिशा। बटेश्वर शाक्त घाट पर ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़े मंगलवार यानि आठ विशेष मंगलवारों की श्रृंखला का समापन होगा। मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित शिवशंकरदास ने बताया कि 100 वर्ष बाद हनुमानजी की आराधना के लिए आठ बड़े मंगलवार का दुर्लभ संयोग बना। प्रत्येक मंगलवार को विशेष शृंगार, प्रसादों एवं सजावटी भोग अर्पित किए गए। अंतिम मंगलवार को मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा तथा सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन का आयोजन होगा।

चार माह के मासूम को मिला नया जीवन

विदिशा। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और आयुष्मान भारत योजना से हाइड्रोसिफेलस से पीड़ित चार माह के मासूम बालक को नया जीवन मिला है। ग्राम खेजड़ा आदमपुर निवासी कुलदीप कुशवाह के पुत्र वीर वंशज को गर्भावस्था के दौरान ही बीमारी की आशंका चिन्हित हो गई थी। जन्म के बाद चिकित्सकों ने तत्काल उपचार की आवश्यकता बताई। आयोग्यसखी टीम ने पहल करते हुए सभी प्रक्रियाएं पूरी कर शिशु मेडिकल कॉलेज में इलाज सुनिश्चित कराया। 1 अप्रैल 2026 को आयुष्मान योजना के तहत सफल ऑपरेशन हुआ।

मिट्टी की सेहत बिगड़ी, भूजल भी घटा, खेती पर गहराया संकट

नाइट्रोजन-जिंक की कमी ने बढ़ाई किसानों की चिंता, खेती की सेहत खराब, आईसीएआर रिपोर्ट ने दिखाई हकीकत

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

देशभर में सरकारी नीतियों के लिए सहयोग रखने वाले विदिशा जिले की खेती गंभीर संकट की ओर बढ़ रही है। एक ओर खेती की मिट्टी उसकी पोषक तत्वों की कमी से कमजोर होती जा रही है, तो दूसरी ओर भूजल का स्तर लगातार नीचे खिसक रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की वैज्ञानिक कृषि कार्ययोजना में उजागर हुआ है कि जिले के 75 प्रतिशत कृषि क्षेत्र में नाइट्रोजन तथा 80 प्रतिशत क्षेत्र में जिंक और सल्फर की कमी है। वहीं 55 प्रतिशत कृषि भूमि में जैविक कार्बन का स्तर निर्धारित मानकों से नीचे पहुंच चुका है, जिसका सीधा असर फसलों की उत्पादकता पर पड़ रहा है। दूसरी तरफ 16 हजार से अधिक सक्रिय बोरवेल होने के बावजूद जिले में 111.4 करोड़ घन मीटर पानी की कमी है और भूजल दोहन संकटपूर्ण स्तर तक पहुंच गया है।

रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि यदि मिट्टी की सेहत सुधारने और जल संसाधन के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में खेती की लागत बढ़ने और पैदावार घटने का खतरा और गहरा सकता है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संसदीय क्षेत्र के आसपास आने वाले कार्य जिलों का कृषि भ्रमण तैयार करने की घोषणा की थी। इसी क्रम में आईसीएआर के विशेषज्ञों ने जिले की मिट्टी, जल, फसल पैटर्न और कृषि गतिविधियों का अध्ययन कर यह कार्ययोजना तैयार की है। हमने खेती की चुनौतियों के साथ समाधान का विस्तृत रोडमैप भी प्रस्तुत किया गया है। इस बार पेड़ की रिपोर्ट में जिला प्रोफाइल एवं गतिविधियों का आकलन, कृषि की प्रमुख चुनौतियां, प्रमुख फसलों के रणनीतिक पैकेज, एकीकृत कृषि मॉडल तहसील के साथ लेक्स ने खरीफ की बोवनी में जुटा किसान।

मिट्टी की सेहत बिगड़ना बनी सबसे बड़ी चिंता

कार्ययोजना में कहा गया है कि लगातार एक जैसी फसलें लेने और जैविक संसाधनों के सीमित उपयोग से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित हुई है। अधिकांश खेतों में नाइट्रोजन, जिंक और सल्फर की कमी दर्ज की गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि रिसायन जितनी बाद खेत में डाल रहे हैं, उसका पूरा लाभ फसलों को नहीं मिल पा रहा है। यही वजह है कि लागत बढ़ने के बावजूद अपेक्षित उत्पादन नहीं मिल रहा।

जिले की प्रमुख खरीफ फसल सोयाबीन में प्रति हेक्टेयर 4 से 8 किलोग्राम तक उत्पादन अंतर देखने आया है। यहाँ औसत उत्पादकता करीब 10 क्विंटल प्रति हेक्टेयर पर ठहरी हुई है। सूत्रधारी 30 से 45 दिनों में उपयोगकर्ता नियंत्रण नहीं होने पर 30 से 40 प्रतिशत तक उत्पादन प्रभावित हो सकता है। रोग कवकों, गर्डल बीटल और राइजोक्टोनिया रोग जैसी समस्याएं भी किसानों के लिए चुनौती बनी हुई है।

16 हजार बोरवेल, फिर भी जिले में 111.4 करोड़ घन मीटर पानी की कमी

भूजल विशेषज्ञों के अनुसार जिले में जितना पानी जमीन से निकाला जा रहा है, उतना वापस रिचार्ज नहीं हो रहा। कुल हर साल पानी का खाता घाटे में जा रहा है। इसकी वजह से हर साल भू जलस्तर नीचे जा रहा है। पुराने बोरवेल सूख रहे हैं। नए बोरवेल ज्यादा गहरे खोदने पड़ रहे हैं और सिंचाई की लागत बढ़ रही है। प्रतिवर्ष 1000 से 1200 मिमी तक वर्षा होती है, लेकिन इसका 90 प्रतिशत हिस्सा खरीफ सीजन के दौरान कम समय में ही बह जाता है। मध्यमवर्गा सिंचाई बढ़ानियों में 60 प्रतिशत तक पानी नष्ट हो जाता है।

परिणामस्वरूप बारिश वाले जिले में भी सिंचाई संकट बना हुआ है और किसानों को लगातार गहरे बोरवेल खोदने पड़ रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिले में 16 हजार से अधिक बोरवेल हैं और कई बंद हो चुके हैं। इसके बावजूद सिंचाई के लिए 111.4 करोड़ घन मीटर पानी की कमी है।

पूर्व वैज्ञानिकों के अनुसार जिले में जितना पानी जमीन से निकाला जा रहा है, उतना वापस रिचार्ज नहीं हो रहा। कुल हर साल पानी का खाता घाटे में जा रहा है। इसकी वजह से हर साल भू जलस्तर नीचे जा रहा है। पुराने बोरवेल सूख रहे हैं। नए बोरवेल ज्यादा गहरे खोदने पड़ रहे हैं और सिंचाई की लागत बढ़ रही है।

बारिश भरपूर, लेकिन खेतों तक नहीं पहुंच रहा पानी

रिपोर्ट के अनुसार जिले में प्रतिवर्ष 1000 से 1200 मिमी तक वर्षा होती है, लेकिन इसका 90 प्रतिशत हिस्सा खरीफ सीजन के दौरान कम समय में ही बह जाता है। परिणामस्वरूप सिंचाई बढ़ानियों में 60 प्रतिशत तक पानी नष्ट हो जाता है।

परिणामस्वरूप बारिश वाले जिले में भी सिंचाई संकट बना हुआ है और किसानों को लगातार गहरे बोरवेल खोदने पड़ रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिले में 16 हजार से अधिक बोरवेल हैं और कई बंद हो चुके हैं। इसके बावजूद सिंचाई के लिए 111.4 करोड़ घन मीटर पानी की कमी है।

पूर्व वैज्ञानिकों के अनुसार जिले में जितना पानी जमीन से निकाला जा रहा है, उतना वापस रिचार्ज नहीं हो रहा। कुल हर साल पानी का खाता घाटे में जा रहा है। इसकी वजह से हर साल भू जलस्तर नीचे जा रहा है। पुराने बोरवेल सूख रहे हैं। नए बोरवेल ज्यादा गहरे खोदने पड़ रहे हैं और सिंचाई की लागत बढ़ रही है।

विदिशा में युवक का शव पेड़ पर लटका मिला, जांच में जुटी पुलिस

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा जिले के आनंदपुर थाना क्षेत्र के गंगाजमुर गांव में मंगलवार सुबह एक युवक का शव पेड़ पर फंदे के फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने शव देखकर तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद आनंदपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस जांच में मृतक की पहचान बंदीपुर गांव निवासी 20 वर्षीय जितेंद्र के रूप में हुई है। परिजनों को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार जितेंद्र मिस्त्री का काम करता था और उसे शराब पीने की आदत थी। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

घटनास्थल शराब ठेके के पीछे स्थित था, जहां से पुलिस को दो खाली शराब के क्वार्टर भी मिले हैं। इसके अलावा शव के नीचे ईंटों का ढेर पाया गया, जिससे प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि युवक ने फंदा लगाने के लिए इनका उपयोग किया होगा। वहीं घटनास्थल के पास एक मोटरसाइकिल भी खड़ी मिली है, जिसकी जांच की जा रही है।

पुलिस की मुख्यतौर जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बेतवा नदी में डूबे युवक का 24 घंटे बाद मिला शव

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा की बेतवा नदी स्थित तरसेव घाट पर मंगलवार सुबह एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान राजेंद्र नगर बकरिया निवासी 35 वर्षीय दुर्गेश कुशवाहा के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार दुर्गेश सोमवार शाम एक परिचित के अंतिम संस्कार में शामिल होने मुक्तिधाम पहुंचा था। कार्यक्रम के बाद वह बेतवा नदी में नहाने चला गया। उसने अपने कपड़े और मोबाइल नदी किनारे रख दिए थे, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रात करीब तीन बजे मोबाइल पर कॉल करने पर कॉल की घंटी घाट किनारे से सुनाई दी, जिससे आशंका गहरा गई।

मंगलवार सुबह तरसेव घाट पर पानी में उसका शव दिखाई दिया। पुलिस ने शव बरामद कर जांच शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जांच में मामला नदी में डूबने का लगा जा रहा है, हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पूरी जानकारी सामने आ सकेगी।

एसबीआई वेल्यूआर फरार, सीबीआई टीम ने घर-दुकान से दस्तावेज जब्त किए

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

एसबीआई एमीबी शाखा के लोन पोर्टफोलो से संबंधित को सीबीआई की चार सदस्यीय टीम ने बड़ी कार्रवाई की। सीबीआई की टीम एसबीआई के अधिकृत वेल्यूअर और कैलाश नारायण अग्रिल कुमार जोशी के संचालक अमित सोनी के घर सोमवार 4.30 बजे घर और दुकान पर जांच करने पहुंची। करीब 4 घंटे तक चली इस कार्रवाई में टीम ने फर्जीवाड़े, अवैध और बैंक लोन रिपोर्ट से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों को खंगाला। जिन्हें

पंचनामा बनाकर जब्त कर अपने साथ ले ले गई।

अब जांच करने लोकायुक्त टीम भी आ सकती है

सीबीआई की दस्तक की खबर लगते ही मुख्य आरोपी अमित सोनी मौके से भाग खड़ा हुआ। अफसरों और परिजनों द्वारा फोन किए जाने पर उसने बाहर होने का हवाला देकर आने से मना कर दिया। इस दौरान अमित के पिता ने कार्रवाई का जबकर विरोध किया, जिसकी खबर मिलते ही भाजपा महामंत्री नरेंद्र सोनी और उपाध्यक्ष भी मौके पर पहुंच गए। बाद में पुलिस द्वारा कार्रवाई की कानूनी जानकारी देने पर मामला शांत हुआ, जिसके बाद सीबीआई ने अमित के छोटे भाई पीटेश से पूछताछ की। सूत्रधारों के अनुसार कभी भी लोकायुक्त की टीम टीम भी भी वेल्यूर के यहां जांच करने आ सकती है।

यह है पूरा मामला

हुए इस 2 जून को 4 सदस्यीयों ने एसबीआई में हुए हन लोन घोटाले की शिकायत एसपी से की थी। बैंक से सहयोग नहीं। नहीं मिलने और कार्रवाई में देरी होने पर पीड़ितों ने सीबीआई भोपाल कार्यालय में भी शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद इसके साथ ही बैंक की विजिलेंस टीम ने अपनी आंतरिक जांच शुरू कर रिपोर्ट हेडक्वार्टर को सौंपकर मामला दर्ज कराया है। भोपाल से आई सीबीआई की टीम ने शाम 4.30 बजे से देर रात तक सर्च ऑपरेशन जांच की। और दस्तावेजों को जब्त किया।

नगरपालिका कर्मचारी ड्यूटी के दौरान नशे में बेसुध, कार्रवाई की तैयारी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

सिरोंज नगर पालिका में सोमवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। ड्यूटी के दौरान एक कर्मचारी नशे की हालत में बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद साथी कर्मचारियों ने उसे सहारा देकर नीचे उतारा और कोने में बैठाकर राहत भेजा। सूत्रधारों के अनुसार, कर्मचारी पूरे समय अपनी अवस्था में रहा और उसने आसे तक नहीं खोली।

राजू पूरनपाल नगर पालिका के स्थायी कर्मचारी हैं और उन्हें नशे का आदी बताया जा रहा है। हालांकि ड्यूटी के दौरान इस तरह बेसुध होने की यह पहली घटना बताई जा रही है। सरकारी कार्यालय में आमजन की उपस्थिति में कर्मचारियों की लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले पर नगर पालिका सीएमओ राम प्रसाद साहू ने कहा कि वे सिरोंज पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेंगे और संबंधित कर्मचारी को नोटिस जारी कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

मंडी टैक्स बढ़ाने के विरोध में व्यापारियों की हड़ताल

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा

गंजबासौदा के ग्राम लहदरा में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। शुक्रवार रात तेंदुआ गांव में घुसकर खूब सिंह मीना की बछुआता तक पहुंच गया जहां उसने एक बछिया का शिकार कर लिया। घटना के बाद तेंदुआ वापस जंगल की ओर लौट गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रात के दौरान तेंदुए के पैरों के निशान, बीट तथा शिकार के तरीके के आधार पर उसकी मौजूदगी की पुष्टि की गई।

वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए प्रभावित क्षेत्र में पिंजरा लगाया है और उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों तक इलाके में तेंदुआ कई दिनों तक सक्रिय रहा था और कई मवेशियों का शिकार किया था। ऐसे में किसानों और ग्रामीणों में भय का माहौल है। खासकर खरीफ सीजन की तैयारियों के दौरान जब लोग देर शाम तक खेतों में काम करते हैं, तब वरिष्ठ अधिकारी पिंडी रघुवंशी ने लोगों से सतर्क रहने, रात में अकेले बाहर न निकलने और किसी भी संदिग्ध वन्यजीव गतिविधि की तुरंत सूचना वन विभाग को देने की अपील की है।

समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविरों के आवेदनों की समीक्षा

83 हजार से अधिक आवेदनों में 80 हजार से ज्यादा का निराकरण, प्रदेश की रैंकिंग में विदिशा 17वें स्थान पर

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा जिले में संचालित मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा सोमवार को आयोजित समन्वय-सीमा (टीएल) बैठक में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ शीघ्र मिल सके।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि 16 जून तक जिले में कुल 83 हजार 434 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 80 हजार 430 आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया जा चुका है, जबकि शेष आवेदनों पर तेजी से कार्रवाई जारी है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए तथा प्रत्येक आवेदन की स्थिति की नियमित निगरानी की जाए।

बैठक में कलेक्टर ने उन विभागों पर भी नाराजगी जताई, जिनकी सेवाओं से संबंधित एक भी आवेदन विशिष्ट में प्राप्त नहीं हुआ। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे विभागों के प्रमुख अधिकारी (पीएस) को पत्र भेजकर स्थिति से अवगत कराया जाए। साथ ही यह भी बताया जाए कि संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी शिविरों में उपस्थित नहीं रहे, जिससे आमजन को योजनाओं और सेवाओं की जानकारी तथा लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हुई।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविरों का मुख्य उद्देश्य शासन की जनहितकारी योजनाओं और सेवाओं को सीधे नागरिकों तक पहुंचाना है। इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा और नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान करना होगा।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि 22 जून की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग के अनुसार विदिशा जिला 17वें स्थान पर है। बड़ी संख्या में आवेदनों के निराकरण के चलते जिले का प्रदर्शन संतोषजनक माना जा रहा है। प्रशासन अब शेष आवेदनों के त्वरित निराकरण पर विशेष ध्यान दे रहा है, ताकि जिले की रैंकिंग में और सुधार हो सके तथा जनकल्याण शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

चाय पीने चौराहे पर जा रहे तीन युवकों को डंपर ने मारी टक्कर, 2 की मौत, 1 गंभीर

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

मंगलवार को तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार तीन युवकों को पीछे से टक्कर मार दी। इसमें दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है, उसे डॉक्टरों ने मोबाइल रेफर किया है। पुलिस के अनुसार सालवीरी निवासी शैलेंद्र राजपूत (36) की मौके पर ही मौत हो गई। बगोदी निवासी अंशुल धाकड़ (22) ने मोबाइल से इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में घायल अक्षय सक्सेना को भोपाल में इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक नहानौरा चौराहा पर चाय पीने जा रहे थे। इसी दौरान नसरुल्लागंज की ओर से तेज गति से आ रहे डंपर ने उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अंशुल धाकड़ के ऊपर से डंपर गुजर गया। शैलेंद्र राजपूत को करीब 200 मीटर तक घसीटते हुए चालक डंपर लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डंपर को जब्त कर लिया है। चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नर्म बायपास कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, डंपर लटेरी-रामगंजमंडी मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य में लगा हुआ था। वह मिट्टी खाली कर वापस लौट रहा था।

न्यूज गैलरी

अज्ञात वाहन ने बाईक में टक्कर मारी, केस कायम

अशोकनगर। जिले के मंदौरी थाने के अंतर्गत ग्राम रोहरूपी निवासी बृजेन्द्र सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विजेंद्र तोड़ पर घाटी के समीप सफेद रंग की कार ने उसकी बाईक में अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं।

संकुल केंद्र इकलेरा में हुआ योगाभ्यास

राजगढ। योग दिवस के अवसर पर रविवार को संकुल केंद्र इकलेरा में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामूहिक योगाभ्यास में शासकीय एकीकृत कन्या माध्यमिक विद्यालय, एकीकृत बालक माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय इकलेरा के शिक्षक-कर्मचारियों ने भाग लिया।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्कूल में हंगामा

ब्यावरा । शासकीय मॉडल उच्चतर में छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ता पहुंचे। पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर कार्रवाई की जानकारी मांगने के दौरान अभाविप नेताओं और प्राचार्य एमएल मीणा के बीच तीखी बहस हो गई। अभाविप का आरोप है कि स्कूल में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। गेट पर सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था नहीं है, जिससे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। वहीं प्राचार्य का कहना है कि कुछ छात्र नेता कम अंक वाले विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाने का दबाव बना रहे थे, जो नियमों के विरुद्ध है। मामले को लेकर स्कूल परिसर में काफी देर तक विवाद की स्थिति बनी रही।

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय पदाधिकारी पहुंचे सुसनेर

राजगढ। श्री दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा, जहां संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान और सामाजिक गतिविधियों को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी ने समाज को एकजुट कर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में निष्पक्षता अध्यक्ष राकेश विनायका, परामर्शदाता अमित बरडलीवाल, अतिरिक्त महासचिव मोहू जैन बबलू, रीजन अध्यक्ष नवीन जैन सहित कई राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में स्थानीय पदाधिकारियों और समाजजनों ने भी भाग लेकर संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

जल संकट | नलों से गंदे और दूषित पानी की आपूर्ति नपा के सामने महिलाओं ने फोड़े मटके

शहर में 15 दिनों के अंतराल में हो रही पेयजल सप्लाई, युवक कांग्रेस का प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

जिले के ब्यावरा शहर में 13-15 दिनों के अंतराल से घरों में पेयजल सप्लाई किया जा रहा है। दूषित एवं गंदे पानी की आपूर्ति की जा रही है। इसी से नाराज होकर युवक कांग्रेस के बैनर तले कांग्रेस पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका के सामने मटके फोड़कर विरोध जताया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कांग्रेस पार्टी ने नगर पालिका व भाजपा नेताओं को जगाकर घेरा। नपा के शिवराज नालेचा कहते हुए मटके फोड़े गए। एसडीएम के नाम सीएमओ इमरान अहमद को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि वर्तमान में ब्यावरा नगर भीषण जल संकट से जूझ रहा है। स्थिति यह है कि नगर के विभिन्न वार्डों में 12 से 15 दिनों के अंतराल में पेयजल आपूर्ति की जा रही है, जिससे आमजन को दैनिक आवश्यकताओं के लिए भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के आसपास अनेक बांध एवं जल परियोजनाएं स्थापित होने के बावजूद नागरिकों को पर्याप्त एवं निर्मल जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक एवं दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। इसके अतिरिक्त, नगरपालिका द्वारा जो पानी आपूर्ति किया जा रहा है, वह अत्यंत गंदा, दूषित एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। नलों से आने वाले पानी में गंदगी एवं अशुद्धियां स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं, जिसके कारण वह पीने योग्य नहीं रह गया है। इससे नगरवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल

प्रदर्शन के दौरान जिला उपाध्यक्ष आभा चंद्रसिंह सीधिया ने मीडिया से पूछा कि जहां नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकर, सांसद, मुख्यमंत्री व क्षेत्रवासी किस पार्टी की हैं। तो महिला ने सभी पर आरोप दिया कि भाजपा के हैं। ऐसे में जिन अध्यक्ष ने सवाल किया कि जब नगरपालिका से लेकर प्रदेश व केंद्र में भाजपा सरकार बनी हुई है तथा जलजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। नगरपालिका की उदासीनता एवं लापरवाही के कारण यह प्रदूषण मंत्री तक रक्त मालूम के हैं है। तो फिर शहर में पेयजल संकट क्यों है। उन्होंने सवाल भी कि तीन दिवस में व्यवस्था के सुधार कर लिया जाए। यदि तीन दिन के भीतर स्थिति नहीं सुधरी तो हमारे कार्यकर्ता वार्डों में जाएंगे और हम जनता को साथ लेकर सड़कों उतरेंगे।

सभापति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। नागरिकों में आक्रोश एवं असंतोष व्याप्त है। विरोध में कार्यकर्ताओं ने मटके फोड़ कर

जनहित में यह की गई मांग

नगर में नियमित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। 12-15 दिनों के अंतराल से हो रही जलापूर्ति को तत्काल व्यवस्थित कर निर्धारित समय-सारणी के अनुसार पानी उपलब्ध कराया जाए। दूषित एवं गंदे पानी की आपूर्ति की जांच कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। जल शोधन संयंत्रों एवं पाइपलाइन व्यवस्था की तकनीकी जांच कर आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराए जाए। जल संकट के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर उचित कार्रवाई की जाए।

समस्या के स्थायी समाधान हेतु ठोस एवं प्रभावी कार्ययोजना बनाकर उसे सार्वजनिक किया जाए।

सीएमओ उपाध्यक्ष ने दिए आश्वासन ज्ञापन की सूचना मिलते ही नगर पालिका के सीएमओ और सभापतिवर मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से बातें की और पूरा आश्वासन दिलाया कि जल आपूर्ति के संबंध में जल विभाग अधिकारी से बात किया जाएगा। सीएमओ इमरान अहमद ने कहा कि पेयजल समस्या गंभीर है और इस पर तत्काल काम किया जाएगा।

खिलचीपुर से भी ब्यावरा पहुंच कर जिला प्रशासन इस मुद्दे को प्राथमिकता से देखेगा। प्रदर्शन के दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राकुल डागी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कमिल सिंहरे, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र यादव, राजू वर्मा, पार्षद प्रदीप विजय कनौजिया, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रचना भार्गव, गंगा चौहान, फूल सिंह वर्मा, जयसिंह पोल, अमित शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

दुष्कर्मी का एनकाउंटर करने वाले पुलिस को एक लाख नकद देंगे पं. हरिनारायण वैष्णव

डीआर संवाददाता ■ राजगढ

ऐसे दरिंदे, जिसने 6 वर्षीय कन्या के साथ रेप करके हत्या की। उसका यदि पुलिसवाले एनकाउंटर करते हैं तो मैं एक लाख रुपये नकद ईनाम दूंगा। यह कहना है कथा वाचक पं. हरिनारायण वैष्णव का।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों सिलपीपुर नगर में एक 6 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया था। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस घटनाक्रम के बाद कथावाचक ने अपने एक युट्यूब चैनल में लिखा कि यदि कोई भी पुलिसकर्मी का एनकाउंटर करता है तो वह संबंधित पुलिस अधिकारी को एक लाख रुपये का नकद ईनाम देंगे।

उन्होंने बताया कि इस धार्मिक व पवित्र नगरी में यह जो कांड हुआ है उससे आत्मा बड़ी दुखी हो रही है। आप परिवार, नगर, समाज के विषय में बात सोचो, लेकिन उस छह वर्षीय दुर्गा स्वरूपा कन्या के विषय में सोचो। उसका फलाह जैसा जीवन है, अभी छह वर्ष हुए हैं और उसके साथ दुष्ट ने यह गलत हरकत की है। मैं न्यायालय से बार-बार किसी कानूनी की ऐसे दरिंदे को फांसी दी जाए।

युवक की सल्फास खाने से मौत, मर्ग दर्ज किया

अशोकनगर। जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत ग्राम देवराई निवासी श्यामसुंदर पुत्र मलखान सिंह यादव उम्र 24 साल ने सल्फास का सेवन कर लिया था, हालत बिगड़ने के बाद परिवार जन अस्पताल लेकर पहुंचे तब तक युवक की मौत हो चुकी थी, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

पॉलीटेक्निक द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश का मौका

राजगढ। आईटीआई उत्तीर्ण और पीसीएम विषयों के साथ 12वीं पास विद्यार्थियों के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश का अवसर उपलब्ध है। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन, मेकेनिकल, सिविल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिक्र सीटों पर प्रवेश दिए जाएंगे। प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक विद्यार्थी 26 जुलाई तक डीटीई काउंसलिंग पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने से किसान पैदल निकला भोपाल, मुख्यमंत्री से मांगा न्याय

डीआर संवाददाता ■ राजगढ

राजगढ जिले के गंधावलपुर क्षेत्र के खेड़ी पटेल गांव निवासी 55 वर्षीय किसान देवी सिंह गुर्जर अपनी पुश्तैनी जमीन के विवाद को लेकर न्याय की मांग लेकर हुए सोमवार को पैदल भोपाल के लिए रवाना हो गए। किसान का आरोप है कि जमीन उनके नाम दर्ज होने और न्यायालय का फैसला पक्ष में आने के बावजूद कुछ लोग जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी प्रशासन और कर्मचारी शिकायतों पर सही कोई सुनवाई नहीं मिली।



वहीं सिंह के अनुसार, करीब एक माह पहले कुछ लोगों ने उनकी 2 बीघा 4 बिस्वा जमीन पर दावा जताया था। इसके बाद उन्होंने थाना, तहसील, एसडीएम और कलेक्टर कार्यालय में शिकायतें कीं, लेकिन हर जगह उन्हें एक-दूसरे विभाग के पास भेजा जाता रहा। लगातार चक्कर से परेशान होकर उन्होंने मुख्यमंत्री से सीधे न्याय मांगने का फैसला लिया।

सोमवार सुबह वह अपने बेटे बृजेन्द्र सिंह के साथ हाथ में पोस्टर और गले में अपनी समस्या लिखी तख्ती टांगकर भोपाल के लिए पैदल निकल पड़े। रास्ते में वे लोगों को अपनी पीड़ा बताते रहे। करीब 42 किलोमीटर की यात्रा तय कर जब वे खिलचीपुर पहुंचे, तब प्रशासन को इसकी जानकारी मिली। इसके बाद अधिकारियों ने उन्हें रास्ते में रोककर तहसीलदार द्वारा भेजे गए वाहन से जीरापुर रवाना से जाया। मामले के बाद प्रशासन की कार्यवाही और शिकायत निराकरण व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

वीडियो में बोला पशु कारोबारी, पुलिस ने थमकाया, थाने के पीछे 20 हजार लिए

डीआर संवाददाता ■ राजगढ

जिले की पुलिस एक बार फिर विवादों में घिर गई है। हाल ही में दो आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद अब खोजवाली थाने में घटना एक आरोपित पर क्रीब वसूली के आरोप सामने आए हैं। मामला उस समय चर्चा में आया जब सोमवार और मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें राजस्थान के एक पशु कारोबारी ने पुलिसकर्मियों पर धमकाकर रुपए लेने का आरोप लगाया।

वायरल वीडियो में पशु कारोबारी ने दावा किया कि करेरी क्षेत्र में पशुओं की खरीद-फरोख्त के दौरान कुछ पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और खोजवाली थाने ले गए। वहां उनसे पूछताछ के नाम पर दबाव बनाया गया और बाद में रुपए लेकर छोड़ दिया गया। कारोबारी का आरोप है कि उनसे पशु क्रूरता के मामले में फंसाने की धमकी भी दी गई। मामले को कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कार्रवाई की मांग की।

इसके बाद पूरे घटनाक्रम को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। भास्कर द्वारा संपर्क किए जाने पर पशु कारोबारी ने भी पुलिसकर्मियों द्वारा थाने से लाने और रुपए लेने के आरोप दोहराए। **वीडियो मुझ तक भी पहुंचा है मामले की जांच जारी है**

वायरल वीडियो मुझ तक भी पहुंचा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर मामले की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट तैयार कर कुरावर को वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जाएगी। मंजू मंत्रीनिया कोतवाली थाना प्रभारी थाने के पीछे ले जाकर रुपए लिए। बताया जा रहा है कि शिकायतकर्ता राजस्थान के टोंक जिले का निवासी है और पिछले ठेढ़ वर्ष से करेरी क्षेत्र में पशुओं का कारोबार कर रहा है।

ट्रैक्टर की किस्त के दबाव में घर छोड़ने की आशंका, युवक की तलाश में जुटी पुलिस

डीआर संवाददाता ■ राजगढ

पौलाना गांव के रहने वाले अक्षोक (22) पुत्र छोटेलाल पंथी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अक्षोक 22 जून को घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगने पर परिजनों ने थाने में सूचना दी। कुरावर थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि परिजनों को आशंका है कि ट्रैक्टर की पहली किस्त जमा होने के कारण ज्यादती से दबाव में आकर घर छोड़ा होगा। बताया है कि इसी वजह से युवक परेशान चल रहा था। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। युवक की तलाश के लिए गोताखोर लोकेशन टेक की जा रही है तथा आसपास के क्षेत्रों में भी लापता की खोजबीन की जा रही है। पुलिस ने जल्द युवक का पता लगाने का भी उम्मीद जताई है।

इलाज में लापरवाही की शिकायत, चार सदस्यीय जांच समिति गठित

सुसनेर। डिस्ट्रिक्ट अस्पताल के प्रसूति वार्ड में तैनात नर्सिंग स्टाफ पर गर्भवती महिला और उसके परिजनों के साथ लापरवाही एवं अभद्र व्यवहार के आरोप लगाने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मेघे पाटीदार ने चार सदस्यीय जांच समिति गठित कर तीन दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। शिकायत करने वाले निवासी विक्रम खान ने शिकायत में आरोप लगाया

समर्थन मूल्य खरीदी में बड़ा घोटाला, फर्जी किसानों को मिले 4.82 करोड़ रुपए

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

मध्य प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के दौरान बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की जांच के बीच दो मिल, मुरैना और राजगढ़ जिलों में 59 फर्जी किसानों से करीब 4.82 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया। इन किसानों ने कथित तौर पर दूसरे जिलों की जमीन का फर्जी पंजीयन कराकर 10,368 क्विंटल गेहूं समर्थन मूल्य पर बेचा।

सबसे ज्यादा अनियमितताएं मुरैना और गिर्द जिले में सामने आई हैं। मुरैना में 32 फर्जी किसानों ने 10,596 क्विंटल गेहूं बेचकर 2.77 करोड़ रुपए प्राप्त किए, जबकि गिर्द में 23 मामलों में 9,672 क्विंटल गेहूं की बिक्री के बदले 1.83 करोड़ रुपए का भुगतान हुआ। राजगढ़ जिले में भी ऐसे मामले सामने आए हैं।

भास्कर की पड़ताल में यह भी खुलासा हुआ कि कई लोगों ने बिना खेती किए ही उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश की करीब 2000 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से गेहूं खरीदा और उसे 2625 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीदी केंद्रों में बेच दिया। इस तरह प्रति क्विंटल लगभग 625 रुपए का सीधा लाभ कमाया गया।

मामले के सामने आने के बाद संबंधित जिलों के कलेक्टरों ने जांच के निर्देश दिए हैं। गिर्द कलेक्टर ने दोषी पटवारी के निलंबन और संबंधित तहसीलदार को नोटिस देने की बात कही है। ईओडब्ल्यू पूरे मामले की जांच कर रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लोगों ने रोड निर्माण की मांग उठाई

सुसनेर। नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 10 स्थित मस्जिद वाली गली के रहवासियों ने मंगलवार को अपनी समस्याओं को लेकर नप अध्यक्ष प्रदीप सोनी और सीएमओ हरिओम शर्मा को शिकायती आवेदन सौंपा। रहवासियों ने बताया कि झाड़ा बगला रोड से मस्जिद रोड को जोड़ने वाली सड़क जर्जर हो चुकी है। बारिश के दौरान गली पर पानी भर जाता और जलभराव की स्थिति बन जाती है, जबकि कभी नालियों के कारण कीचड़ फैलने का खतरा बना रहता है। नागरिकों ने सीधी रोड और पक्की नाली

बैठक में निर्देश | जिला पंचायत सीईओ ने ली बैठक, सीएम हेल्पलाइन में फिसड्डी रहे अधिकारियों को फटकार

मत्स्य, परिवहन, नरसिंहगढ़-ब्यावरा पशु चिकित्सा अफसरों को नोटिस

डीआर संवाददाता ■ राजगढ

सीएम हेल्पलाइन में पिछड़ी पाए जाने पर जिला पंचायत सीईओ डॉ. इंजिनि गड़पाले ने मत्स्य कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग, परिवहन विभाग, ब्यावरा एवं नरसिंहगढ़ के उप संभागीय पशु चिकित्सा अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इंजिनि गड़पाले ने सीएम हेल्पलाइन एवं समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सुझाव अभियान की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही।

समीक्षा के दौरान संतोषजनक प्रगति न होने तथा डी रोड प्राप्त करने पर मत्स्य कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग तथा परिवहन विभाग को कारण बताओ सूचना जारी करने के निर्देश दिए गए।

जिला पंचायत सीईओ डॉ. इंजिनि गड़पाले ने अधिकारियों को निर्देश दिए

पशुपालन विभाग की समीक्षा में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण नरसिंहगढ़ के उप संभागीयपशु चिकित्सा अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए एक दिवस का वेतन काटने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार जनपद पंचायत खिलचीपुर द्वारा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों को गलत रवैये से योजना विभाग को स्थानांतरित किए जाने प्रकरणों सुनवाई एवं जवाब लगाने के निर्देश दिए गए।

यूसीसी के लिए भागीदारी बढ़ाने के निर्देश:

उन्होंने विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों से अधिक से अधिक सुझाव प्राप्त करने पर जोर देते हुए कहा कि युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी इस अभियान को सफल बनाने विभागों को शिक्षण संस्थानों में आवश्यकता गतिविधियां आयोजित कर विद्यार्थियों को सुझाव पोर्टल पर अपने विचार दर्ज कराने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले के सभी युवा नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने नगरीय क्षेत्रों के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नागरिकों से यूसीसी संबंधी सुझाव एवं फीडबैक दर्ज कराना सुनिश्चित करें, ताकि अभियान नेतृत्वाधक जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। सीईओ डॉ. गड़पाले ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण तथा यूसीसी सुझाव अभियान दोनों को समान प्राथमिकता देते हुए निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति

दो साल तक पोर्टल पर चलता रहा बंद स्कूल, तबादले से खुली विभागीय लापरवाही

डीआर संवाददाता ■ अशोकनगर।

जिले में स्कूल शिक्षा विभाग की कई लापरवाही सामने आई है। विभाग ने एक ऐसे स्कूल में शिक्षक का तबादला कर दिया, जो वर्षों पहले दूर क्षेत्र में आने और कम नामांकन के कारण बंद हो चुका था। शासकीय प्राथमिक विद्यालय पलरा का नाम विभागीय पोर्टल पर सक्रिय था, जबकि धरातल पर उसका कोई अस्तित्व नहीं था। दिसंबर 2023 में शिक्षक रामगोपाल तिवारी का तबादला इसी स्कूल में कर दिया गया। शिक्षक द्वारा बार-बार स्कूल के बंद होने की जानकारी देने के बावजूद अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की। मामला कलेक्टर और न्यायालय तक पहुंचने के बाद विभाग की गलती उजागर हुई।

जांच में पता चला कि जिले के 11 सरकारी और 27 निजी स्कूल बंद होने के बावजूद पोर्टल पर बालू दिखाए जा रहे थे। अधिकारियों के अनुसार इन स्कूलों को बंद करने की प्रक्रिया दो वर्षों से लंबित थी। दिसंबर 2025 में सभी स्कूलों को पोर्टल से हटाने की कार्रवाई की गई।